हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 18 अक्टूबर, 2025

तापमान

अधिकतम 34.6 डिग्री
न्यूनतम 15.9 डिग्री

14 दीवाली पर्व पर छात्रों ने प्रस्तुतियों से मनाया जश्न



14 फोटोग्राफी में आदित्य प्रथम, पलक को मिला दूसरा स्थान



## खबर संक्षेप

### हादसे में कानून की छात्रा की मौत

**पानीपत।** गीता यूनिवर्सिटी से एलएलबी कर रही छात्रा निशा निवासी विकास नगर पानीपत की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं निशा अपनी स्कूटी पर सवार होकर शिक्षित होने के लिए जा रही थी। वही, रास्ते में गांव नांगल खेडी के पास हादसे में काल का ग्रास बन गई। इधर, हुडा औद्योगिक सेक्टर 29 थाना पुलिस ने पंचनामा भर निशा के शव को पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया और अज्ञात वाहन चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आजीविका मिशन ने किया आंकलन टूल लॉन्च

**पानीपत।** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने समुदाय आधारित संगठनों की क्षमताओं को और अधिक मजबूत करने की दिशा में नई पहल शुरू की है। मतलौडा और सनौली खुर्द खंड में आयोजित बैठक के दौरान मिशन ने मोबाइल आधारित सशक्त प्रशिक्षण आवश्यकता आंकलन टूल लॉन्च किया। यह टूल समुदाय आधारित संगठनों में जुड़ी ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रशिक्षण की वास्तविक जरूरतों की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने में मदद करेगा।

### बाइक की टक्कर लगने से मासूम की मौत

**पानीपत।** पानीपत में असंध रोड स्थित भाटिया कॉलोनी में वीरवार की रात करीब 11 बजे बाइक की टक्कर लगने से ढाई साल के रिशिव की मौत हो गई। रिशिव अपने परिवार की नौकरानी नंदनी व इसके पुत्र के साथ खेल रहा था। वहीं, रिशिव के चाचा विनय ने बताया कि राम लाल चौक की ओर से आ रही बाइक ने रिविश को टक्कर मार दी और रिशिव, बाइक के साथ पिरामिड होटल तक घसीटता चला गया।

### जानलेवा हमला करने के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की सीआईए वन टीम ने गांव सिवाह में सुमित पुत्र गुरदेव को गोली मारने के आरोप में पानीपत की माडल टाउन की ढींगरा कॉलोनी निवासी जितेंद्र, गांव सिवाह निवासी सचिन उर्फ रिकी व गांव जाटल निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने रंजिशन सुमित को गोली मारी थी।आरोपियों को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपियों से रिमांड के दौरान इनके फरार साथियों के पते ठिकाने जान कर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास करेगी।

### स्कूलों में दिखाए जाने वाले मैजिक शो पर रोक

**जींद।** स्कूलों में बच्चों से पैसे लेकर दिखाए जाने वाले मैजिक शो पर अब रोक लगा दी गई है। ऐसा करने पर अब जहां स्कूल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तो वहीं दूसरी तरफ इस बारे में निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला ने एक पत्र भी जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि राज्य के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में बिना अनुमति मैजिक शो के आयोजन करके बच्चों से अगर पैसे लिए जाते हैं तो उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हिंदू कॉलेज को सर्वश्रेष्ठ संस्थान का अवार्ड

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की एनसीसी विंग की छात्राओं ने छह से 15 अक्टूबर तक मितासो कॉलेज ऑफ एजुकेशन नरवाना में आयोजित 10 दिवसीय श्वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। कालेज की छात्राओं ने हर गतिविधि में बढ़चढ़ कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी जींद द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में हिंदू कन्या कालेज जींद को सर्वश्रेष्ठ संस्थान का पुरस्कार मिला। इसी कैंप में कैडेट पूनम को सर्वश्रेष्ठ कैडेट का अवार्ड भी मिला। कालेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शानदार प्रस्तुति दी।

## प्रदेश सरकार का एक साल पूरा होने पर कार्यक्रम आयोजित

# भाजपा सरकार के 11 साल बेमिसाल, मंत्री अनिल विज बोले, ये स्वर्णिम कार्यकाल

*परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 का हो रहा शुभारंभ, जिन्होंने किसी भी किसी अन्य योजना के तहत घर नहीं ले रखे, उन्हें प्लाट दिए जाएंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 11 साल का कार्यकाल स्वर्णिम समय रहा है। इस अवधि में अनेकों योजनाएं शुरू की गई हैं।

उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए तकनीक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। हमारी सरकार तकनीक का पूरी से उपयोग कर रही है ताकि आमजन को सुविधाएं तेजी से मुहैया कराई जा सके और लोगों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पडें। विज शुक्रवार को अंबाला छावनी सनातम धर्म कालेज में जिला स्तर पर आयोजित जन विश्वास-जन विकास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष बेमिसाल रहा है। उन्होंने कहा कि इस एक साल में कई विकास के कार्य हुए हैं। तरक्की का पहिया तेजी से चला है। उन्होंने कहा कि पहले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि यदि हम एक रुपया भेजते है तो 85 पैसे सिस्टम खा जाता है। लाभपात्र तक केवल 15 पैसे पहुंचते हैं। मगर हमारी सरकार ने तकनीक का सहारा लेकर विभिन्न योजनाओं के सारे पैसे सीधे लाभपात्रों के खातों में पूरे पहुंचते हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 का शुभारंभ किया जा रहा है। इस योजना के तहत जिनके पास घर नहीं है और जिन्होंने किसी भी किसी अन्य योजना के तहत घर नहीं ले रखे, उन्हें 50 वर्गगज या 100 वर्गगज के प्लाट दिए जाएंगे। विज ने कहा कि आजादी के बाद अंग्रेज यहां से चले गए, मगर अंग्रेजों की जो शासन पद्धति थी वहीं चलती रही। हम अभाव में जीते थे, अस्पताल-कालेजों के लिए तरसते रहे, पीने के पानी के लिए तरसते रहे, नागरिक सीवरेज-स्ट्रीट लाइट के लिए तरसते रहे। मगर जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने और उन्होंने सारी आवश्यकताएं पूरा करने का कार्य शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी ने गरीबों के लिए जनधन योजना की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोस में पाकिस्तान है जो हमारे से ही अलग होकर बना है। हमारे कुछ नेताओं ने हिंदुस्तान के टुकड़े कर दिए जबकि आजादी की लड़ाई में ऐसी कभी भी बात नहीं थी। उन्होंने कहा कि क्या शहीदों ने हिंदुस्तान के बंटवारे के लिए कुर्बानियां दी। मगर उस समय सत्ता के लालची कुछ नेताओं ने हिंदुस्तान के टुकड़े धर्म के आधार पर करवा दिए।

उन्होंने ने कहा कि बताया कि प्रदेश में भी उच्च शिक्षा व कृषि को सशक्त बनाने के लिए जिला करनाल में 700 करोड़ रुपए की लागत से महाराणा प्रताप बागवानी विश्व विद्यालय का शिलान्यास किया गया है। प्रदेश पहला ऐसा राज्य है जहां पर 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जा रही है और किसानों को 2 हजार रुपए प्रति एकड़ बोनस भी दिया जा रहा है। साथ ही किसानों को फसल का भुगतान 48 घंटे में किया जा रहा है जिसके लिए ई एप्लीकेशन बनाई गई है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 68 करोड रूपए की लागत से 337 इंडोर स्टेडियम बनाए गए। हमारी नीति है कि युवा सकारात्मकता से आगे बढ़े। मंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में लगभग 1.50 लाख लोगों के घरों पर सोलर सिस्टम लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। हमने हिसार में हवाई अड्डा बनाया और अंबाला छावनी में हवाई अड्डा बनकर तैयार है। छावनी में लगभग 600 करोड़ रुपए की लागत से 1857 में आजादी की पहली लड़ाई का शहीदी स्मारक बनाया जा रहा है।

उन्होंने ने कहा कि इन विकास कार्यों को जनता के सामने रखा जा रहा है ताकि लोगों को विश्वास हो कि हमने सारे प्रदेश में काम किया। 20 बसें लोकल रुट पर चल रही हैं। अब बसों के आधुनिक बस क्यू शेल्टर बनने शुरू हो गए हैं। इसी प्रकार अंबाला-साहा रोड बना कर दी गई। अब अंबाला के चारों ओर रिंग रोड बनाई जा रही है जिससे ट्रेफिक समस्या से निजात मिलेगी।

- सनातम धर्म कालेज में जन विश्वास-जन विकास कार्यक्रम





अंबाला। कार्यक्रम में संबोधित करते मंत्री अनिल विज व मौजूद पार्टी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### पाकिस्तान दोबारा दुस्साहस नहीं करेगा

*विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किया, जबकि पहले पूर्व सरकारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और कश्मीर में कत्लेआम होते रहे। लेकिन आज मगर मोदी जी के ऐतिहासिक निर्णयों के चलते कश्मीर भी ऐसे है जैसे हमारा हरियाणा-पंजाब है। कश्मीर के लोगों के अधिकार भी हमारे जैसे ही हैं। राम मंदिर निर्माण के लिए दशकों से संघर्ष हो रहा था, कई आंदोलन हुए, दो बार आंदोलनों में वह भी गए। राम मंदिर में एक साल में 20 करोड़ लोगों ने दर्शन किए हैं। प्रधानमंत्री जी ने तीन तलाक को भी खत्म किया। पाकिस्तान ने पहलगाम में जो दुस्साहस किया उसके बाद ऑप्रेशन सिंदूर में ऐसा सबक सिखाया गया कि दोबारा वह उठने की कोशिश नहीं करेगा।*

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम विनेश कुमार, संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, डीएसपी रमेश कुमार, ईओ देवेंद्र नरवाल, नगर पालिका अध्यक्ष स्वर्णजीत कौर, उपाध्यक्ष ललिता प्रसाद, विकास बहगल, विपिन खन्ना, बलित नागपाल, प्रवेश शर्मा, मदन लाल शर्मा, श्याम सुंदर अरोडा, दीपक भसीन, आरती सहगल भी मौजूद रहे।

## दुकान में रखा चार तोले सोने का कड़ा चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के शिवाजी पार्क प्यारा चौक के पास स्थित दुकान के गुल्लक में रखा चार तोले का सोने का कड़ा चोरी हो गया। दुकान मालिक ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शिवाजी पार्क प्यारा चौक निवासी बलविंदर कुमार ने शहर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी प्यारा चौक के पास दुकान है। 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उसने अपनी दुकान पर आकर सोने का कड़ा हाथ से निकलकर दुकान के अंदर गुल्लक में रख दिया था। शाम को जब उसने गुल्लक चेक किया तो उसमें से सोने का कड़ा गायब मिला। काफी तलाश करने के बाद भी सोने के कड़े का कुछ भी पता नहीं चला। उसने बताया कि सोने के कड़े की कीमत करीब ढ़ाई लाख रूपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बिजली का सामान चोरी

बिजली निगम यमुनानगर के डिवीजन नंबर वन यूएचबीवीएन के एसडीओ सुमित ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव मिश्री का माजरा में चोरों ने ट्रांसफार्मर से बिजली का सामान चोरी कर लिया है। सूचना मिलते ही उसने मौके पर जाकर जांच की तो ट्रांसफार्मर से कंडक्टर गायब मिले। जिसकी कीमत करीब 52 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे डेढ़ लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर पुराना हमीदा निवासी बिरमदास से डेढ़ लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप कॉलोनी के ही दिनेश पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बिरमदास ने बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। फरवरी 2021 में उसे पता चला कि कॉलोनी का ही दिनेश कुमार लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। इस दौरान वह आरोपी दिनेश से मिला। दिनेश ने उसे विदेश भेजने के नाम पर करीब डेढ़ लाख रुपये और उसके दस्तावेज ले लिए। मगर आरोपी ने इसके बाद उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

## ट्रक की टक्कर लगने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रादौर के बुबका चौक के पास ट्रक की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सैनी मोहल्ला रादौर निवासी मधु रानी ने रादौर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का 30 वर्षीय निशांत 16 अक्टूबर को किसी काम से जा रहा था। जब उसका लड़का बुबका चौक के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे ट्रक में उसके बेटे निशांत को टक्कर मार दी। जिससे उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसके बेटे निशांत की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- रादौर के बुबका चौक के पास हुआ हादसा

## नशीली गोलियां रखने के दोषियों को 15 साल का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट अदालत ने प्रतिबंधित नशीली गोलियां रखने के आरोपी किशोर कुमार वासी खानपुर कोलियां को 15 साल कठोर कारावास, 1 लाख रुपए जुमार्ना व जतिंद्र सिंह वासी अम्बाला शहर को 7 साल कठोर कारावास तथा 20 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है।। नकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 1 अक्टूबर 2020 को प्रबंधक थाना सदर थानेसर उप निरीक्षक नरेश कुमार की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में लाडवा कुरुक्षेत्र रोड़ पर मौजूद थी।

पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कडामी मोड़ पर नाकाबंदी करके कार नंबर एचआ-07वी-3692 सहित किशोर कुमार वासी खानपुर कोलियां जिला कुरुक्षेत्र को काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपी व उसकी कार की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से कुल 75 हजार नशीली गोलिया बरामद हुई थी। आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया था।

- रादौर के बुबका चौक के पास हुआ हादसा

### 10 हजार गोलियां बरामद

4 अक्टूबर 20 को पुलिस टीम ने जितेन्द्र वासी अम्बाला शहर को काबू करके उसके कब्जा से 10 हजार नशीली गोलियां बरामद की थी। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर नशीला पदार्थ रखने के आरोपी किशोर कुमार वासी खानपुर कोलियां को दोषी करार देते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत 15 साल कठोर कारावास,1 लाख रुपए जुमार्ना तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 2 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई। आरोपी जतिंद्र सिंह वासी अम्बाला शहर को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत 7 साल कठोर कारावास, 20 हजार रुपए जुर्माना तथा जुर्माना न भरने की सूरत में 1 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## धनतेरस पर खुली रहेंगी सभी तहसीलें, लोग करवा सकेंगे रजिस्ट्री : उत्तम सिंह

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि धनतेरस के दिन, जो सरकारी अवकाश का दिन होता है, जिले की सभी तहसीलें और उप-तहसीलें खुली रहेंगी ताकि नागरिक अपनी जमीन की रजिस्ट्री करवा सकें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार यह निर्णय लिया गया है ताकि "मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0" के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 100-100 गज के प्लॉटों की रजिस्ट्री दीपावली से पहले ही संपन्न कराई जा सके। डीसी ने कहा कि संबंधित तहसीलदारों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे छुट्टी के बावजूद कार्यालयों में उपस्थित रहकर सभी लाभार्थियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि यह कदम जनसुविधा और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## हैंड ग्रेनेड मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा हैंड ग्रेनेड और 5 जिन्दा रौन्द के साथ गिरफ्तार आरोपियों के एक और साथी आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने मामले के एक और आरोपी विशु वासी पटियाला पंजाब को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहनलाल ने बताया कि 7 अक्टूबर को पुलिस टीम को पंजाब नंबर की एक बाइक पर दो संदिग्ध युवकों के पेहवा एरिया में घूमने की सूचना मिली थी। सूचना पर अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम को 152-डी कुरूक्षेत्र पेहवा रोड पर सुनसान जगह पर संदिग्ध बाइक पर खड़े दो युवक पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। पुलिस ने दोनों को काबू किया। उनके पास बैग में जिंदा हैंड ग्रेनेड था। पुलिस टीम ने हैंड ग्रेनेड वाले बैग को सुनसान जगह पर रखवा दिया। बम डिस्पोजल टीम में मौका पर पहुंच कर हैंड ग्रेनेड को डिफ्यूज किया था। आरोपियों के कब्जे से 5 जिंदा रौंद भी बरामद हुए थे। आरोपियों की पहचान गुरविंदर उर्फ गग्गू वासी शशा गुजरानं जिला पटियाला व संदीप वासी अद्दू माजरा जिला अंबाला हाल वासी पटियाला के रूप में हुई। पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

## अग्निवीर भर्ती का दूसरा चरण 12 को

**अंबाला।** आर्मी भर्ती निदेशक ने बताया कि 8 से 12 नवंबर 2025 तक खड्गा स्पोर्ट्स स्टेडियम अंबाला कैंट में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण (फिजिकल एवं मेडिकल) का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया में अंबाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकुला और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के वे पुरुष अभ्यार्थी भाग ले सकते हैं जो कि प्रथम चरण के कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन कॉमन परीक्षा में शोर्टलिस्ट हुए हैं। अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 14 अक्तूबर 2025 को जारी कर दिए गए हैं। वे भारतीय सेना की वेबसाईट पर अपनी लॉगिन आईडी से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि किसी भी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में समस्या आती है तो वे मुख्यालय भर्ती कार्यालय में सुबह 10.00 बजे से दोपहर 14.00 बजे के बीच में संपर्क कर सकते हैं ताकि उनकी समस्या का समाधान जल्द से जल्द हो सके।

### गांव सिवाह में निकाला खिलाड़ी का विजयी जुलूस

# नेशनल चैंपियनशिप में देव ने जीता सोना

- शॉटपुट के 16 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव सिवाह के खिलाडी देव शर्मा ने भुवनेश्वर (ओडिशा) में हुई 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशीप में शॉटपुट के अंडर 16 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर गांव सिवाह व पानीपत जिला का नाम रोशन किया है। वहीं खिलाडी देव शर्मा का शुक्रवार को पानीपत पहुंचने पर गांव सिवाह बस अड्डे के सामने पुल के नीचे ग्रामीणों ने फूल व नोटों की मालाओं सहित पगडी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। समारोह में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के भाई एवं समाजसेवी हरपाल ढांडा, गांव सिवाह के सरपंच एवं आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने भी शिरकत की और खिलाडी देव शर्मा को गोल्ड जीतने पर बधाई और उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। वहीं, आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि हमारे गांव सिवाह के देव शर्मा ने प्रदेश भर में मान बढाया है।

वहीं देव को खेल निखारने में ग्राम पंचायत सिवाह की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर खिलाडी देव शर्मा के पिता कर्मबीर शर्मा, प्रवीन शर्मा पंच, सोमदत्त शर्मा, संजय शर्मा, हीरा लाल, मोहनलाल,राकेश, सौरभ, नवीन समेत बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



पानीपत। गोल्ड मेडल विजेता देव शर्मा का स्वागत करते हुए हरपाल ढांडा व आर्य रणदीप कादियान आदि।

HOLY MOTHER PUBLIC SCHOOL
(Affiliated to C.B.S.E., Delhi) Kansapur, Yamuna Nagar
NEW HAPPY SR. SEC. SCHOOL
(Permanent Recognised from H.B.S.E.) Luxmi Garden, Yamuna Nagar

Vishwas Kashyap
Secretary
सभी जिलेवासियों को धनतेरस, दीपावली, विश्वकर्मा दिवस एवं भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ

G.S.Sharma
Chairman

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री ने 1.63 लाख बुजुर्गों को दिया तोहफा

**कुरुक्षेत्र।** राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज बुजुर्ग सम्मान भत्ता 200 रुपए बढ़ाकर 3200 रुपए करके कुरुक्षेत्र जिले के 1.63 लाख बुजुर्गों को नायब तोहफा दिया है। साथ ही 26 गांवों के 1353 परिवारों को 100-100 गज के प्लाटों के अधिकार प्रमाण पत्र भी दिए गए हैं। ये सभी लाभार्थी शनिवार को अपनी रजिस्ट्री करवा सकते हैं। इससे पहले भी करीब 300 लोगों को अधिकार प्रमाण पत्र का लाभ दिया जा चुका है। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा शुक्रवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जन विश्वास जन विकास कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। इससे पहले राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी ने लाभार्थियों को अधिकार प्रमाण पत्र वितरित किए।

### यूके भेजने का झांसा देकर दस लाख रुपये हड़पे

**जींद।** यूके भेजने का झांसा देकर दस लाख रुपये हडपने पर उचाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधडी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बड़ौदा निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह यूके जाने का इच्छुक था। जिसके चलते उसकी मुलाकात गांव जलालपुरा निवासी अमिनेश से हुई। जो रोपड़ मे विदेश भेजने का कार्यालय चलाता था। आरोपित ने वर्क वीजा पर यूके भेजने की एवेज मे 25 लाख रुपये की डिमांड की। सब कुछ तय होने के बाद आरोपित को दस्तावेज तथा रुपये दे दिए गए।

### स्कोर्पियो को लूटने पर दो पर मामला दर्ज

**जींद।** हथियारों के बल पर स्कोर्पियो गाड़ी लूटने पर अलेवा थाना पुलिस ने दो लोगों के बल पर लूट का मामला दर्ज किया है। घटना स्थल पंचकूला होने के कारण पुलिस ने जीरो एफआईआर कर पंचकूला भेज दी है। गांव बधाना निवासी मिलन ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत 16 जून को वह स्कार्पियो गाड़ी लेकर पंचकूला गया हुआ था। उसी दौरान गांव रामराये निवासी विकास तथा गांव सिसाय निवासी मंजीत ने असलहा के बल पर उससे गाड़ी छीन ली।

### मारपीट करने पर पांच पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव सरनाखेड़ी में जमीन की निशानदेही करने से रोकने तथा मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने पांच लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सरनाखेड़ी निवासी सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका हरिराम परिवार के साथ जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। जिसके चलते वह पटवारी को लेकर निशानदेही करवाने गया था। हरिराम परिवार ने निशानदेही को नही करने दिया। जब उसने विरोध किया तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की। जिसमे उसे चोटे आई।

संजय बोले, मिट्टी के दीयों का करें प्रयोग, मनाएं खुशियों और आत्मनिर्भरता की दीपावली

# दीपावली पर विदेशी नहीं, स्वदेशी दीयों से जगमगाएंगे घर: संजय

**लोगों से आग्रह किया कि वे प्लास्टिक और चाइनीज सामग्री से बचें**

*संजय गुप्ता ने कहा कि जब हम स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीयों को अपनाते हैं, तो इससे न केवल देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, बल्कि हजारों गरीब परिवारों के चेहरे पर भी रोशनी आती है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

भारत एग्रो इम्पैक्स प्रा लि के एम डी संजय गुप्ता ने कहा कि इस बार दीपावली पर विदेशी दीयों और बिजली की झालरों के बजाय स्वदेशी मिट्टी के दीयों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि दीपावली भारतीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक पर्व है, इसलिए हमें इसे देशी उत्पादों से ही मनाना चाहिए। संजय गुप्ता ने कहा कि जब हम स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीयों को अपनाते हैं, तो इससे न केवल देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, बल्कि हजारों गरीब परिवारों के चेहरे पर भी रोशनी आती है। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल की भावना को दीपावली जैसे त्यौहार पर अपनाना ही सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम होगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे प्लास्टिक और चाइनीज सामग्री से बचें और पर्यावरण अनुकूल सामग्री का प्रयोग करें। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि इस बार की दीपावली को स्वदेशी और पर्यावरण हितैषी बनाकर देश की परंपरा, संस्कृति और स्वाभिमान को मजबूत करें। उन्होने कहा कि दीपावली केवल घरों को रोशन करने का पर्व नहीं, बल्कि दिलों में देशभक्ति की लौ जलाने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि इस दीपावली पर हम अपने देश, अपने कारीगरों और अपनी मिट्टी का मान बढ़ाएंगे। स्वदेशी दीयों से जगमगाया भारत ही सच्चे अर्थों में समृद्ध भारत की ओर कदम बढ़ाएगा।



**तरावड़ी।** पत्रकारों से चर्चा करते हुये एम डी संजय गुप्ता एवं शाश्वत गुप्ता

### जिलाधीश ने ग्रीन पटाखों के उपयोग पर दिया जोर

**करनाल।** जिलाधीश उत्तम सिंह ने दीपावली पर्व के अवसर पर जिलावासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस बार केवल ग्रीन पटाखों का ही उपयोग करें ताकि प्रदूषण स्तर को नियंत्रित रखा जा सके। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार जिले में केवल नीरी द्वारा प्रमाणित हरित पटाखों की बिक्री व उपयोग की अनुमति है। इन पटाखों की बिक्री केवल पीईएसओ लाइसेंसधारी व्यापारियों के माध्यम से निर्दिष्ट स्थानों पर ही की जाएगी।

## गीता मॉडर्न सी. सै. स्कूल में दीपावली के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित

**तरावड़ी।** गीता मॉडर्न सी. सै. स्कूल में दीपावली के पूर्व संध्या पर छात्रों के लिए विशेष दीपावली रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में स्कूल के छात्रों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के छात्रों ने दीया और मोमबत्ती सजावट गतिविधियों में भाग लिया, जहां उन्होंने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कक्षा छठी और आठवीं के छात्रों ने तोरण बनाना, और पूजा की थाली की सजावट जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी ने इन गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये गतिविधियां बच्चों को तनाव मुक्त करने के लिए तथा बच्चों की छुपी हुई कला को बाहर लाने के लिए करवाई जाती है। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और उनके रचनात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रागिनी राय ने कहा, इन गतिविधियों से बच्चों का न केवल मनोरंजन होता है, बल्कि उनकी कार्य-क्षमता का भी विकास होता है। दीपावली के अवसर पर ये गतिविधियां कराने पर बच्चे अपनी कक्षा को सजाने के लिए स्वयं हाथ से सामान तैयार कर सकते हैं। यह सामान उन्हें सस्ता भी पड़ता है और उन्हें अपने कर्तव्य का भी पता चलता है । ऐसा सामान वे अपने घर के लिए भी तैयार कर सकते हैं। सभी छात्रों ने इस गतिविधि में भाग लेकर बहुत खुशी जाहिर की। इस आयोजन ने छात्रों को त्यौहार के प्रति उत्साहित करने के साथ-साथ उनके कलात्मक कौशल को भी निखारा।




**तरावड़ी।** कार्यक्रम में भाग लेते गीता मॉडर्न स्कूल के बच्चे

# एसडीएम ने राजकीय मॉडल स्कूल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल, प्रेम नगर में शुक्रवार को एसडीएम अनुभव मेहता व खंड शिक्षा अधिकारी सीमा मदान ने औचक निरीक्षण किया।

प्रधानाचार्य संदीप कौर और मुख्य शिक्षक रामनिवास सोलंकी ने अधिकारियों का स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्यालय के सभी रिकॉर्ड, उपस्थिति रजिस्टर और टीचिंग लर्निंग मटीरियल का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान कक्षा 5-ए के छात्र मयंक राणा ने "टीएम निपुण" कार्यक्रम के बारे में इंग्लिश में विस्तार से जानकारी दी, जिसे सुनकर एसडीएम ने उसकी सराहना की और कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी आत्मविश्वास से परिपूर्ण हैं।

### शिक्षकों की एकता से बढ़ी गुणवत्ता

प्रधानाचार्य संदीप कौर ने अधिकारियों के समक्ष मांग रखी कि मिड डे मील योजना पहली से आठवीं के बजाय पहली से 12वीं तक लागू की जाए ताकि अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके। अध्यापिका प्रवीण बाला ने बच्चों की उपस्थिति दर्ज करने का अभिनव तरीका प्रदर्शित किया, जिसे देखकर अधिकारी प्रभावित हुए। निरीक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मुकेश छाबड़ा, श्रवण कुमार, हेमलता, कांता, योगेश, महेंद्र, शिवकुमार, ललिता, भारती, प्रवीण, मंजू, रीना, रेनू बाला व गीता सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। एसडीएम ने विद्यालय के सभी शिक्षकों के सामूहिक कार्यभाव की सराहना करते हुए कहा कि "जब शिक्षक एक यूनिट के रूप में काम करते हैं, तो शिक्षा की गुणवत्ता स्वतः बढ़ जाती है।"

# सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए व्यापक जागरूकता की जरूरत: चावला

## इंद्री मे दो दिवसीय समावेशी शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री स्थित समावेशी शिक्षा केन्द्र में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में दो दिवसीय समावेशी शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ बीआरसी वंदना चावला ने किया। कार्यक्रम का संयोजन विशेष अध्यापक अमित कुमार व प्रदीप कुमार ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अध्यापक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, दिव्यांग बच्चों के अभिभावक और एसएमसी सदस्य हिस्सा ले रहे हैं। इस मौके पर वंदना चावला ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा प्रदान करने के लिए व्यापक जागरूकता की जरूरत है। समावेशी शिक्षा केन्द्र और उस पर तैनात विशेष शिक्षक निरंतर ऐसा माहौल बनाने में लगे हुए हैं, ताकि किसी भी बच्चे को बोझ ना माना जाए। विशेष अध्यापक प्रदीप कुमार ने आरपी डब्लू डी एक्ट-2016 के अनुसार 21 प्रकार की निशक्तताओं का विस्तृत परिचय दिया।



### समाज में सकारात्मक धारणा का विकास करना जरूरी

प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा ने समावेशी शिक्षा की अवधारणा, उसकी महत्ता और प्रकार विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समावेशी शिक्षा भेदभाव मुक्त, समता, स्वतंत्रता, न्याय व लोकतंत्र आदि मूल्यों पर आधारित शिक्षा है। सभी बच्चों की स्कूल में पहुंच, समान अवसर व भागीदारी के लिए व्यक्तिगत भिन्नताओं और निशक्तताओं के बारे में समाज में सकारात्मक धारणा का विकास करना जरूरी है। डॉ. राजेश कुमार ने निशक्तता की शीघ्र पहचान विषय पर विचार रखते हुए कहा कि जन्म पूर्व, जन्म के दौरान व जन्म के बाद निशक्तता की पहचान में आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर व स्कूल में आने के बाद अध्यापकों की अहम भूमिका होती है।

# करनाल मंडल में पुलिसकर्मियों की पदोन्नति

## एडीजीपी ने 31 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल मंडल के पुलिस विभाग में शुक्रवार को पदोन्नति की सौगात दी गई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) डॉ. एम. रवि किरण (भा.पु.से.) ने आदेश जारी करते हुए करनाल, पानीपत और कैथल जिलों में कार्यरत कुल 31 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नति दी। जारी आदेशों के अनुसार 09 उप निरीक्षकों को निरीक्षक, 16 सहायक उप निरीक्षकों को उप निरीक्षक, 01 मुख्य सिपाही को सहायक उप निरीक्षक, 03 सहायक उप निरीक्षकों को ई. उप निरीक्षक तथा 02 मुख्य सिपाहियों को ई. सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। इसके साथ ही 05 पुलिस कर्मचारियों को निलंबन से बहाल भी किया गया है।



### जनाता की सेवा करने का किया आह्वान

डॉ. रवि किरण ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पदोन्नति केवल उपलब्धि नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि विभाग के प्रति निष्ठा, अनुशासन और संवेदनशीलता बनाए रखना प्रत्येक अधिकारी का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से जनता की सेवा में तत्परता और निष्पक्षता से कार्य करने का आह्वान किया।



### सनातन संस्कृति के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक महापर्व है दीपावली : डा. श्रीप्रकाश

**कुरुक्षेत्र।** दीपावली का त्योहार भारतीय संस्कृति, समाज व आस्था के अद्भुत संयोजन का प्रतीक है। यह पर्व हमें जीवन में प्रकाश का महत्व समझाता है, बुराइयों का अंत कर सच्चाई और अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। दीपावली की यही अनोखी भावना हमें सिखाती है कि चाहे कितना भी अंधकार हो, एक छोटा सा दीपक भी प्रकाश फैला सकता है। यह विचार दीपावली के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर एवं ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दीपोत्सव स्नेह मिलन कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन से हुआ। ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों का मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम परिसर पहुंचने पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने भी तिलक लगा कर, पुष्प वर्षा एवं शंख ध्वनि से स्वागत किया। सभी बच्चों ने मातृभूमि सेवा मिशन की सेवा गतिविधियों एवं कामधेनु गौशाला का अवलोकन किया। दौरान सभी विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से प्रदूषण मुक्त दीपावली मानने का संकल्प लिया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# वैश्य अग्रवाल पंचायत के चुनाव के लिए शेड्यूल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की सबसे पुरानी संस्था श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत कुरुक्षेत्र की नई कार्यकारिणी का चुनाव होने जा रहा है। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के चुनाव के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत कुरुक्षेत्र के चुनावों के बारे में संस्था के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत कुरुक्षेत्र के त्रिवार्षिक चुनावों की अधिसूचना गवर्निंग बॉडी के निर्णय अनुसार जारी कर दी गई है। संस्था के 676 सदस्यों की सूची सूचना पट्ट पर चिपका दी गई है। वोटर लिस्ट पर आपत्ति 4 नवम्बर को करवाई जा सकती है, 6 नवम्बर को अन्तिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा।

### 676 सदस्यों/वोटरों की सूची की जारी



प्रधान सत्य प्रकाश ने बताया कि श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत थानेसर की कार्यकारिणी के लिए कुल 12 सदस्यों जिसमें एक प्रधान, एक उप-प्रधान, एक महासचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक सह-सचिव तथा सात कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया जाना है। जो कि तीन वर्षों की अवधि के लिए होगा। चुनाव के लिए 676 सदस्यों/वोटरों की सूची दिनांक 15 अक्तूबर को जारी कर दी गई है, जो अग्रवाल धर्मशाला में नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। गवर्निंग बॉडी के निर्णय अनुसार चुनाव कार्यक्रम अनुसार हैं 4 नवम्बर को आपत्ति दर्ज करना, 6 नवम्बर को निपटारा एवं वोटर लिस्ट का अन्तिम प्रकाशन करना है।16 नवम्बर को नामांकन पत्र दाखिल करना तथा 22 नवम्बर को नामांकन पत्र वापिस लेने की तिथि है। 23 नवम्बर को उम्मीदवारों चुनाव चिन्ह जारी होंगे। 30 नवम्बर को चुनाव एवं चुनाव मतगणना गणना एवं परिणाम चुनाव के तुरन्त पश्चात श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत कुरुक्षेत्र की नई कार्यकारिणी की घोषणा होगी। गुप्ता ने कहा कि चुनावों की समस्त प्रक्रिया चुनाव अधिकारी द्वारा पूर्ण की जाएगी। चुनावों की सूचना सभी सदस्यों को रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से दें दी गई है।




**कुरुक्षेत्र।** समारोह में प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी।

### रजत जयंती वर्ष कार्यक्रमों में जयराम कन्या महाविद्यालय की छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियां

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में रजत जयंती समारोह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम बड़े हर्ष और गरिमा के साथ आयोजित किए जा रहे हैं। रजत जयंती समारोह अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हो चुके हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडोरामा सिंथेटिक्स इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ओम प्रकाश लोहिया ही शामिल हुए। इसके साथ-साथ श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, उपाध्यक्ष टीके शर्मा, निदेशक एसएन गुप्ता, लोहार माजरा गांव के सरपंच, गणमान्य सदस्य एवं शिक्षण संस्थान की प्रबंधन समिति के गणमान्य सदस्य, पांचो शिक्षण संस्थान के प्राचार्य गण उपस्थित रहे। रजत जयंती समारोह में जयराम डिग्री कॉलेज, जयराम बीएड महिला कॉलेज, जयराम महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, जयराम सैनिक स्कूल, श्रीमती केसरी देवी स्कूल, डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल निवारसी के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं।

# वार्ड 20 व 21 की सड़कों का 72 लाख रुपए की लागत से होगा सुधार: सुभाष सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार के विशेष प्रयासों से थानेसर हलके के शहरों और गांवों के विकास का करोड़ों रुपए बजट खर्च किया जा रहा है। इस बजट से लोगों की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के लिए पीने के पानी, सीवरेज, गलियों और सडकों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वार्ड 20 और 21 में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने शहर की करोड़ रुपए की लागत की सात परियोजनाओं का शुभारंभ किया और दीपावली के पर्व पर लोगों को विकास कार्यों की सौगात दी है।



### इस प्रकार होगा विकास

सुभाष सुधा ने कहा कि करीब 17.14 करोड़ रुपए की लागत से सेक्टर 22 के मेन सलारपुर रोड से जैन मंदिर तक निर्माण किया जाएगा। करीब 25 लाख रुपए की लागत से सतपाल से पाला, नरेंद्र से रमन मास्टर, सहित अन्य मार्गों की रिपेयर की जाएगी। इसी तरह वार्ड 20 में करीब 9.5 लाख रुपए की लागत से सफेदों वाली गली का निर्माण किया जाएगा और लगभग 8.5 लाख रुपए से वार्ड 20 के गली, पार्क व पुलिया का मुरम्मत करवाया जाएगा।

## बाल भवन में बाल कल्याण परिषद ने करवाई प्रतियोगिताएं

# दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते कई पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला बाल कल्याण परिषद, करनाल द्वारा 13 से 16 अक्तूबर तक बाल भवन करनाल में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक व कलात्मक प्रतियोगिताओं में शहर के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में संगीत, नृत्य, नाटक, फैंसी ड्रेस और वाद-विवाद जैसी अनेक विधाओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, मेन ब्रांच, करनाल के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किए। विद्यालय की टीम ने ग्रुप फोक डांस (ग्रुप-4, कक्षा 11वीं-12वीं) में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि ग्रुप फोक डांस (ग्रुप-2, कक्षा 6ठी-8वीं) में सांत्वना पुरस्कार जीता।



### पावनी ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

कक्षा 4 की बालिका पावनी ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ "बेस्ट ड्रामेबाज" प्रतियोगिता में भी प्रथम पुरस्कार हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं, कक्षा 9वीं की पूर्णा ने एकल शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और कक्षा 7वीं की लविशा कालरा ने एकल गायन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय की टीम को ग्रुप सिंगिंग (ग्रुप-3, कक्षा 9वीं-10वीं) में तीसरा स्थान और ग्रुप फोक डांस (ग्रुप-1, कक्षा 3 से 5) में सांत्वना पुरस्कार मिला। कक्षा 9वीं की मनरूप ने एकल लोक नृत्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### प्राचार्या ने विजेताओं को किया सम्मानित

विद्यालय की प्राचार्या सुषमा देवगन व मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों की प्रतिभा को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होती हैं, बल्कि उनमें सहयोग, अनुशासन, रचनात्मकता और सकारात्मक सोच का विकास भी करती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व कौशल, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सशक्त बनाने के लिए ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। प्राचार्या देवगन ने यह भी कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को एक जिम्मेदार, संवेदनशील और आत्मनिर्भर नागरिक बनाना है, जो भविष्य में समाज के निर्माण में सार्थक भूमिका निभा सके।

## खबर संक्षेप

### आठ एएसआई बने एसआई

**पानीपत।** हरियाणा पुलिस विभाग ने पानीपत में नियुक्त असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर यानि एएसआई सुभाष चंद्र, कुलदीप, सुभाष, सुरेंद्र, रोहताश, राजेश, अनूप, नरेश कुमार को सब इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति दी है। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने शुक्रवार को इनके कंधों पर स्टार लगाकर सब इंस्पेक्टर पदोन्नत कर शुभकामनाएं देते हुए कर्तव्य निष्ठा से काम करने के लिए प्रेरित किया।

### आईबी कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। वहीं, डॉ. शर्मिला यादव ने बताया कि क्विज में प्रथम स्थान प्रिंस, द्वितीय स्थान राहुल तथा तृतीय स्थान शालू ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने पुरस्कृत करते हुए उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### पटेल की जयंती पर होंगे कार्यक्रम

**पानीपत।** हरियाणा के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान छह अक्टूबर से छह दिसंबर तक चलेगा और इसका उद्देश्य देशभर में एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता के मूल्यों को युवाओं के बीच स्थापित करना है। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्र जागरण अभियान है।

### रोड महासभा की बैठक हुई

**पानीपत।** अखिल भारतीय रोड महासभा की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से कराए जाने के लिए समाज के लोगों की पानीपत की रोड धर्मशाला में हुई।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर ने ट्रक को तिरंगा लहरा कर रवाना किया

# विधायक विज ने सेना के लिए 5100 मिठाई के डिब्बे भिजवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने भारतीय सेना के जवानों के लिए हजारों मिठाई के डिब्बे ट्रक में लदवा कर जम्मू तवी के लिए रवाना किए है। वहीं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा सरकार में केबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी आदि ने मंत्रोचारण के बीच 5100 डिब्बे मिठाई से लदे ट्रक को तिरंगा लहरा कर रवाना किया। वहीं, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विधायक प्रमोद विज द्वारा देश के वीर जांबाजों जवानों के लिए मिठाई भेज कर सरहानीय कार्य किया है। जबकि विधायक प्रमोद विज ने कहा कि सेना के वीर जवानों के शौर्य के वजह से हम सभी अपने घरों में खुशहाली से दिवाली का पर्व मनाते हैं। वहीं हर सैन्य कर्मी मेरे परिवार का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मैंने संकल्प लिया था कि इस बार दिवाली की खुशियां फौजियों के साथ सांझा करूंगा। वहीं, 5100 मिठाई के डिब्बे फौजी भाइयों के लिए रवाना किए है। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष योगी शर्मा, सुनील सोनी, मनीष जावा, जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, सुनील कंसल, सुमित जागलान, चांद भाटिया, राहुल विज, पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व विधायक प्रमोद विज मिठाई से लदे ट्रक के रवाना करते हुए।

# अज्ञानता के अंधेरे को खत्म कर रहा है आर्य समाजः रणदीप

### ऋषि दयानंद के निर्वाण दिवस पर अध्यापकों को सम्मानित किया



पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य, टीचर्स को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य बाल भारती स्कूल में विश्व से अज्ञानता का अंधकार मिटाने और वैदिक धर्म संस्कृति को बढ़ावा देने वाले ऋषि दयानंद के ऋषि निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में अध्यापक सम्मान दिवस मनाया गया। इधर, मुख्य अतिथि रणदीप आर्य ने कहा कि संसार से अशिक्षा, अज्ञानता, अंधविश्वास को मिटाने और भारत को पुनः विश्व गुरू का दर्जा दिलवाने के लिए ही ऋषि दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद संसार में आए थे। आज इन्हीं के द्वारा बताएं गए मार्ग पर चलते हुए विश्व में दस हजार से अधिक आर्य संस्था और आर्य शिक्षण संस्थान संसार में ज्ञान का प्रकाश फैलाने में दिन रात कार्य कर रही हैं।

#### कार्यक्रम में ये मौजूद रहे

आगामी 30 अक्टूबर से 2 नंवबर तक दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन का आयोजन होगा जिस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , गृहमंत्री अमित शाह और गुजरात राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। उन्होंने वैदिक धर्म प्रेमियों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर इस सम्मेलन को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें। इस अवसर पर स्कूल के प्रंबधक जसबीर गवालड़ा, उपप्रधान ओमदत्त आर्य, कोषाध्यक्ष महताब मलिक, गौशाला प्रधान रविन्द्र कादियान, सरपंच राहुल आर्य, जगदेव गंगासिना, प्राचार्य डा. अशोक आर्य, उपप्रचार्य जगदीश आदि उपस्थित रहे।

## एसडीआईएस के आदित्य ने गोल्ड जीता



एसडी इंटरनेशनल स्कूल में विजेता खिलाडी आदित्य अपने टीचर्स के साथ।

**पानीपत।** साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल, हुडा सेक्टर 20, सोनीपत में आयोजित हरियाणा सिख गेम्स एसोसिएशन द्वारा सिख गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय हरियाणा स्टेट सिख गेम्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एसडी इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ी आदित्य ने गोल्ड मेडल जीत कर प्रदेश भर में पानीपत व अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। वहीं, आदित्य का स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन गर्ग व प्रधानाचार्या रुचि शर्मा ने बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए पुरस्कृत किया।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह के लाइव प्रसारण पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर अभिनंदन किया

# भाजपा सरकार का एक साल बेमिसाल : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में कार्यक्रम हुआ। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने की। जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह के लाइव प्रसारण पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर अभिनंदन किया। इधर, मंत्री पंवार ने दावा किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा लगातार विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और 48 चुनावी संकल्प पूरे किए जाने की विस्तार से जानकारी दी। वहीं, पंवार ने कहा कि भाजपा सरकार का यह एक वर्ष सिर्फ उपलब्धियों का नहीं, बल्कि विश्वास का वर्ष रहा है। यह एक वर्ष जनता के विश्वास का पार्टी के सिद्धांतों का, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र का है। कार्यक्रम में पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

■ हरियाणा की नई विकास यात्रा का स्वर्णिम अध्याय चल रहा है



पानीपत। पंचायत विकास मंत्री कृष्ण पंवार प्रमाण पत्र बांटते हुए। फोटो :हरिभूमि

## इंटर कॉलेज हैंडबॉल का हुआ शुभारंभ



समालखा। एलएनटी कॉलेज में इंटर कॉलेज हैंडबॉल प्रतियोगिता में अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

एलएनटी कॉलेज में इंटर कॉलेज स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। वहीं, प्रतियोगिता में पहला मैच एलएनटी कॉलेज और चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद की टीम यूटीडी के मध्य हुई। वहीं, यूटीडी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। जबकि चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय की टीम यूटीडी ने नरवाना के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें नरवाना की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और फाइनल मुकाबले में अपना स्थान सुनिश्चित किया। इधर, आरजीएम उचाना और गवर्नमेंट कॉलेज जींद की टीमों के बीच शुक्रवार को मुकाबला होगा।

## पानीपत में बढ़ रहा है एचआईवी का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिले में एचआईवी के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी ने जिले में बढ़े हुए पॉजिटिव मामलों पर चिंता जताते हुए विभाग को व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। पिछले छह महीनों में एचआईवी के 140 नए मामले सामने आए हैं। वहीं, विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में अब तक 2884 लोग एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं, जबकि स्वास्थ्य विभाग का अनुमान है कि करीब 3000 लोग अभी भी जांच के लिए आगे नहीं आ रहे हैं।

#### जांच अभियान शुरू किया

विभाग का मानना है कि यदि इन लोगों को समय रहते जांच और उपचार के लिए प्रेरित किया जाए तो संक्रमण की चेन को तोड़ा जा सकता है। इसी उद्देश्य से जिले में विशेष एचआईवी जागरूकता और जांच अभियान शुरू किया गया है। एआरटी सेंटर के जिला नोडल अधिकारी डॉ. लाभ सिंह ने बताया कि विभाग ने पानीपत के के पांच ब्लॉकों के 90 से अधिक गांवों में विशेष अभियान चलाया है। स्वास्थ्य टीमें गांव-गांव जाकर लोगों को एचआईवी संक्रमण के बारे में जागरूक कर रही हैं।

## डीपीएस पानीपत सिटी में दिवाली डैजलिंग

■ स्कूल परिसर को रंगीन लाइटों, रंगीन दीयों, फूलों और गुब्बारों से सजाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

डीपीएस पानीपत सिटी में शुक्रवार को दीवाली डैजलिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं, स्कूल परिसर को रंगीन लाइटों, रंगीन दीयों, फूलों और गुब्बारों से सजाया गया। स्कूल हेड सोनिया , मुख्याध्यापिका सरिता विज कॉर्डिनेटर आभा विषाद और पूनम नेगी ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्व प्रथम विद्यार्थियों द्वारा राम भक्ति से ओत -प्रोत समूह गान ,नृत्य एवं अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।



समालखा। डीपीएस पानीपत सिटी में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए विद्यार्थी।

#### विजेताओं को पुरस्कृत किया

कार्यक्रम में कला, शिल्प, पेंटिंग, दीवाली सजावट, खरीददारी के स्टॉल्स ने आगंतुकों को खूब आकर्षित किया। जबकि ओपन टैलेंट हंट जिसमें किड्स फैशन शो, पेरेंट्स के साथ रैंप वॉक, सोलो डांस, सोलो सिंगिंग का मनमोहन आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अभिभावकों की भी प्रतियोगिताएं करवाई गई। वहीं, स्कूल के प्रो. वाइस चेयरमैन अमित राणा ने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## लायंस क्लब ने बेटियों को साइकिल भेंट की

**पानीपत।** लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर द्वारा सेक्टर 25 स्थित निधिवन में दिवाली उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लायन सियाराम गुप्ता रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय गुप्ता, पूर्व गवर्नर विनय गर्ग, पूर्व प्रधान रविंद्र जैन मौजूद रहे। वहीं अध्यक्षता क्लब के प्रधान नितिन अग्रवाल ने की। दिवाली उत्सव की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। वहीं चार स्कूली जरूरतमंद लड़कियों को साइकिल भेंट की गई। जिसके प्रोजेक्ट चेयरमैन अजय सिंगला एवं आशीष मित्तल रहे। उत्सव में क्लब के सदस्य परिवार सहित शामिल रहे। इस अवसर पर सचिव प्रवीण गुप्ता, कोषाध्यक्ष हरि मोहन गुप्ता, लायन सुरेश गर्ग, अतुल जैन, दीपक गर्ग लेखराज खट्टर, संजय बतरा व राजीव सरीन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## पानीपत में यमुना को स्वच्छ करने की कवायाद शुरू

**पानीपत।** जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में शुक्रवार को जिला उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में यमुना स्वच्छता को लेकर उद्योग संगठनों के साथ अहम बैठक हुई जिसमे उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि छठ पूजा के मद्देनजर यमुना नदी की स्वच्छता एवं दिल्ली में यमुना के जल की गुणवत्ता को बनाए रखने पर चर्चा की गई। डीसी ने सभी औद्योगिक इकाइयों को निर्देश दिए गए कि वे अपने ईटीपी को सुचारू रूप से संचालित करें ताकि निर्धारित मानकों के अनुरूप ही अपशिष्ट जल का निपटान किया जा सके। साथ ही, उद्योगों को केवल वैध ईंधन के उपयोग तथा वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण को नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। इधर जिला प्रशासन ने सभी उद्योग संगठनों से अपील की है कि छठ पूजा तक अपनी इकाइयां अस्थायी रूप से बंद रखें, ताकि यमुना नदी की जल गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखा जा सके और श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल में पूजा करने का अवसर मिल सके।

## दीपक सजाकर मनाया दिवाली पर्व

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड खादी आश्रम स्थित विद्या भारती मॉडर्न स्कूल में दिपाली पर्व मनाया गया। स्कूल की डायरेक्टर निर्मल दत्त ने विद्यार्थियों से पटाखा रहित दीवाली मनाने की अपील करते हुए कहा कि सभी को दीप जला कर दिवाली पर्व मनाना चाहिए। दीपक सजाओ प्रतियोगिता में स्वराज, आदित्य, आयशा, प्रतिभा, इशिका विजेता रहे। विजेताओं को मुख्य अध्यापिका मीनाक्षी, अनिता, सरिता, सुशीला आदि ने सम्मानित किया।

### एनआईए ने मनाया दीप उत्सव

**पानीपत।** द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड शाखा पानीपत में दीपावली उत्सव मनाया गया। पानीपत शाखा ने द्वितीय तिमाही में जोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाखा प्रबंधक अनिल कुमार ने सभी स्टाफ व एजेंटों को बधाई दी। इस अवसर पर आशु डडवाल, सुरेन्द्र खुराना, संगीता सामरा, हरीश भाटिया, हरेंद्र सिंह, संजय कुमार जैन व प्रमोद सिंह आदि मौजूद रहे।

### धनतेरस को खुलेगी तहसीलें

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार उपायुक्त ने जिले की सभी तहसीलों को शनिवार धनतेरस के दिन 18 अक्टूबर को अवकाश के दिन खोलने के आदेश जारी किए हैं, ताकि धनतेरस के दिन लोग अपनी रजिस्ट्री करवा सकें।

न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत।

सुरजीत सिंह पुत्र सावन सिंह निवासी 17/9 पठानो वाला मोहल्ला, नजदीक हकीम करतार सिंह चौक, जिला व तहसील पानीपत, हरियाणा व अन्य

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तेहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सुरजीत सिंह पुत्र सावन सिंह निवासी 17/9 पठानो वाला मोहल्ला नजदीक हकीम करतार सिंह चौक, जिला व तहसील पानीपत, हरियाणा ने एक दस्तावेज विरासत का इन्तेकाल अपने नाम कराने हेतु पेश किया है। प्रार्थी दवारा अवगत कराया गया है कि प्रार्थी के पिता सावन सिंह पुत्र मेहर सिंह निवासी 17/9, पठानो वाला मोहल्ला हकीम करतार सिंह चौक की मृत्यु दिनाक 08.02.2014 को हो चुकी है। सावन सिंह पुत्र मेहर सिंह की माता जी का देहान्त बहुत अरसा पहले हो चुका है। सुरजीत सिंह पुत्र सावन सिंह की माता विशनी देवी धर्मपत्नी सावन सिंह का देहान्त 17.01.2020 को हो चुका है। नगर निगम पार्षद पानीपत, नम्बदार व पटवारी की देह दवारा भी विरासत का इन्तेकाल दर्ज किये जाने बारे अपने अपने हस्ताक्षर व तसदीक कर दी है कि सावन सिंह पुत्र मैहर सिंह व विशनी देवी धर्मपत्नी सावन सिंह के वारसान इस प्रकार हैः-1 ममता धर्मपत्नी लालचंद पुत्री सावन सिंह (पुत्री) 2. गंगा देवी धर्मपत्नी दयाल दास मक्कड पुत्री सावन सिंह (पुत्री) 3. प्रेम कुमारी चुघ धर्मपत्नी मुरलीधर चुघ पुत्री सावन सिंह (पुत्री) 4. शांति देवी धर्मपत्नी मनोहर लाल पुत्री सावन सिंह (पुत्री) 5. सुरजीत सिंह पुत्र सावन सिंह (पुत्र) और यही सिर्फ उनके जायज वारिस है। इनके इलावा मृतक का कोई अन्य वारिस या उत्तराधिकारी नहीं है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तेहार व नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतिको के बताये गये वारिश के बाबत कोई शक या एतेराज हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशित होने के 30 दिन के अंदर अंदर इस कार्यालय में किसी भी दिवस पर कार्य के समय में आकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। किसी प्रकार की नई आपति दर्ज ना कराने की सूरत में प्रार्थी का वारसान इन्तेकाल नियमानुसार मंजूर कर लिया जायेगा। म्याद बीत जाने के बाद किसी तरह की कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं है।

यह नोटिस बाबत इश्तेहार आज दिनांक 14.10.2025 को मेरे हस्क्षातर द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार -कम- सब रजिस्ट्रार पानीपत।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा कि वसुदेव कुटुंबकम भारतीय संस्कृति का मूल आधार है

# निर्धन परिवारों के बच्चों को उपहार बांटकर मनाया दिवाली पर्व

हरियाणा प्रांत के अध्यक्ष डॉ. यशदेव त्यागी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ज्ञान दीप सेवा धाम स्कूल में दिवाली पर्व मनाया गया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया रहे। जबकि युवा मोर्चा कार्यकारिणी अध्यक्ष अमित पंडित, दक्षिणी शहरी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, कृष्णपुरा मंडल के महामंत्री राजबीर चौहान, अनिल मित्तल, रंजीत भाटिया, चंदन विज, अशोक बांगा, रमेश माटा, सतीश गंगवानी, ज्योतिका भाटिया, गुंजन भाटिया, सुमित त्यागी अतिथि के रूप में पहुंचे। जबकि हरियाणा प्रांत के अध्यक्ष डॉ यशदेव त्यागी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इधर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा कि वसुदेव कुटुंबकम भारतीय संस्कृति का मूल आधार है।



पानीपत। ज्ञान दीप सेवा धाम स्कूल के विद्यार्थी, अतिथियों के साथ। फोटो :हरिभूमि

#### समर्थ लोगों को सेवा करनी चाहिए

कोई भी बच्चा किसी भी तीज त्यौहार और उत्सव पर उपहारों से वंचित न रहने पाए। इसके दृष्टिगत इस कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि समर्थ लोगों को सेवा भारती जैसी संस्थाओं से प्रेरणा लेकर कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा दिलवाने में और अधिक सहयोग देना चाहिए। वहीं, भाटिया ने स्कूल में शिक्षित हो रहे निर्धन वर्ग के परिवारों के 250 विद्यार्थियों को दिवाली पर्व की मिठाई व तोहफे भेंट कर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर नरेंद्र भाटिया, सुदर्शन चुघ, रोहताश देशवाल, हिमांशु वीरमणि, विक्की बत्रा, देवांशु वर्मा, सुरेश गांधी, अशोक अग्रवाल, संदीप पाल, संदीप मलिक, सुमित तेहरी आदि उपस्थित रहे।

# त्योहारी सीजन में रेलगाड़ियों के संचालन में बढ़ा दबाव देरी से चल रही ज्यादातर ट्रेनें, यात्रियों को भारी दिक्कत

## डीआरएम बोले-यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा को दी जा रही सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला




त्यौहारी सीजन में यात्रियों को रेलवे की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इन दिनों कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचने से यात्री बेहद परेशान हैं। ट्रेनों की देरी का कारण त्योहारों के दौरान बढ़ा यातायात दबाव, तकनीकी कारण और परिचालन संबंधी दिक्कतें हैं। कई मार्गों पर अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों के संचालन और भीड़ के चलते सिग्नलिंग में देरी हो रही है। दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी, पटना, मुंबई, कोलकाता और चंडीगढ़ रूट की कई प्रमुख ट्रेनें औसतन दो से पांच घंटे की देरी से चल रही हैं। यहां तक कि तेज गति और समय की पाबंदी के लिए मशहूर वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी वीआईपी ट्रेनें भी समय से पीछे चल रही हैं।

**बढ़े दबाव को संभालने के लिए अतिरिक्त स्टाफ लगाया**

यात्रियों ने बताया कि उन्हें स्टेशन पर लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि कई लोगों को अपने आगे के सफर या कार्यक्रम रद्द करने पड़े हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों के दौरान बढ़े दबाव को संभालने के लिए अतिरिक्त स्टाफ और तकनीकी टीमों को लगाया गया है। शुक्रवार को सचखंड एक्सप्रेस 30 मिनट लेट रही, जबकि अमृतसर-दिल्ली एक्सप्रेस एक घंटे की देरी से आगे बढ़ी। पुराणिया कोर्ट जन सेवा एक्सप्रेस करीब तीन घंटे की देरी से चल रही है। मालवा एक्सप्रेस भी एक घंटे लेट है, वहीं अमृतसर स्पेशल एक्सप्रेस आठ घंटे की भारी देरी से चल रही है।

### सुविधा-सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता

मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनोद भाटिया ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि मंडल प्रशासन यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। आगामी दीपावली, छठ और अन्य पर्वों के मद्देनजर 9 जोड़ी त्योहार विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इनमें चंडीगढ़, अंबाला कैंट और सहारनपुर से 4 जोड़ी प्रारंभिक ट्रेनें शामिल हैं।डीआरएम ने बताया कि अंबाला मंडल से प्रारंभ होने वाली मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के कुल 41 फेरे होंगे, जबकि अंबाला कैंट-सहारनपुर-अंबाला कैंट के बीच चलने वाली मेमू ट्रेनों के 71 फेरे निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा, अंबाला मंडल से गुजरने वाली मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के 44 फेरे रहेंगे, जिससे यात्रियों को सुगम यात्रा सुविधा मिलेगी।

### यात्रियों को काफी राहत मिलेगी

त्यौहार विशेष ट्रेनों में चंडीगढ़-पटना जंक्शन, चंडीगढ़-धनबाद जंक्शन, अंबाला कैंट-मऊ जंक्शन और अंबाला कैंट-सहारनपुर-अंबाला कैंट जैसी ट्रेनें शामिल हैं। डीआरएम ने बताया कि इन ट्रेनों के संचालन से पूर्वी और उत्तर भारत के यात्रियों को काफी राहत मिलेगी, क्योंकि दीपावली और छठ पूजा पर भारी भीड़ का दबाव रहता है। स्टेशन परिसरों में यात्रियों के मार्गदर्शन और भीड़ प्रबंधन के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), टिकट जांच कर्मचारी और स्काउट एवं गाइड की विशेष तैनाती की गई है। सभी प्रमुख स्टेशनों पर लगातार ट्रेन संबंधी घोषणाएं, सुरक्षा और जागरूकता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। टिकट जांच कर्मचारियों को शत-प्रतिशत गेटमैनिंग का निर्देश दिया गया है ताकि बिना टिकट यात्रा पर रोक लग सके। डीआरएम ने आगे बताया कि प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) काउंटरों की संख्या बढ़ाई गई है। भीड़ कम करने के लिए यात्रियों को मोबाइल ऐप से टिकट बुकिंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही, स्टेशनों पर क्यूआर कोड पोस्टर लगाए जा रहे हैं, जिससे टिकट बुकिंग प्रक्रिया आसान हो सके। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष नामित काउंटरों की व्यवस्था की गई है। स्टेशन परिसरों में इलेक्ट्रॉनिक ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, कोच गाइडेंस सिस्टम, लिफ्ट, एसकेलेटर और व्हीलचेयर जैसी सुविधाओं को पूरी तरह संचालित रखा गया है।

### स्टेशनों पर निगरानी बढ़ाई

सुरक्षा को लेकर रेलवे ने अतिरिक्त इंतजाम किए हैं। सीसीटीवी कैमरे, लगेज स्कैनर मशीनें और सामान की जांच प्रणाली को पूरी तरह सक्रिय रखा गया है। पटाखों, विस्फोटकों और अन्य ज्वलनशील वस्तुओं के परिवहन पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। पार्सल विभाग के कर्मचारियों को इस संबंध में सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। डीआरएम ने कहा कि त्योहारों के इस व्यस्त मौसम में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी स्टेशनों पर निगरानी बढ़ाई गई है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए रेलवे कर्मियों को चौकस किया गया है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी की ज्वालादीन की मंडी से अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी विक्की को 198 पव्वा देसी शराब सहित काबू किया। एक अन्य मामले में ग्वाल मंडी से शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी लक्की उर्फ तावड़ा को 37 बोतल अंग्रेजी व 20 बोतल देसी (कुल 57 बोतल) शराब सहित गिरफ्तार किया। नन्हेड़ा से भी पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में आरोपी हरदेव सिंह उर्फ पिंका को 10 बोतल व 2 पव्वा देसी अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है।

### चोरी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज भैंस चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी परवेज कुरैशी को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। मामले में संलिप्त अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। नारायागढ़ माजरा के तेजिंद्र कुमार ने 7 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 मार्च 2025 को उसके घर से आरोपी ने भैंस चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### छात्राओं को दी ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी

**बराड़ा।** एसएमएस गर्ल्स कॉलेज में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता के तहत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के नेतृत्व में तथा अर्ली चाइल्ड केयर विभाग की संयोजक डॉ. नवनीत कौर और सदस्य दीपिका ढींगरा की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित जानकारियों से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितु चांदना ने छात्राओं को ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण, कारण और प्रभाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया और बताया कि अक्टूबर माह 'पिंक मंथ' के नाम से जाना जाता है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नवनीत कौर ने बताया कि इस आयोजन से छात्राओं को ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूक रहने और समय पर जांच करवाने के महत्व को समझने का अवसर मिला।

## पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# दिवाली पर्व पर छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

**सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल तरीके से दिवाली मनाने का भी संदेश दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला







**अंबाला।** दिवाली पर्व के आयोजन पर रंगारंग प्रस्तुतियां देते छात्र। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को दीपावली का पर्व बड़े ही श्रद्धा और हर्षोउलास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे प्रांगण को रंग बिरंगी झालरों, दीपों और फूलों से सजाया गया। बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।**

कार्यक्रम में सबसे पहले नर्सरी के बच्चों ने भगवान राम के विषय में अपने नृत्य के माध्यम से बताया तो वहीं एलकेजी बच्चों ने दीपावली आई और यूकेजी के बच्चों ने 'मेरे घर राम आए हैं' सांग पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी जिसने सब का मन मोह लिया। इसके पश्चात प्राइमरी विंग के बच्चों ने तरह-तरह की रंगारंग कार्यक्रमों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने बहुत ही भावपूर्ण भजन /"नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल सा घराना हो/" गाया। इस भजन पर सारा प्रांगण तालिया से गूंज पड़ा। इसके पश्चात नाट्य मंचन के द्वारा भगवान श्री राम व रावण के युद्ध को दर्शाया गया, जिसमें बच्चों ने मेरी चौखट पर चारों धाम... गीत की प्रस्तुति दी। इस नृत्य नाटिका ने दशकों में समा बांध दिया। इसके बाद कक्षा प्रथम व द्वितीय की नृत्य प्रस्तुति भी सराहनीय थी। इसके पश्चात मिडिल विंग के विद्यार्थियों ने दिवाली के उपलक्ष पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बुद्धि दाता गणेश तथा धन की देवी लक्ष्मी जी की वंदना की प्रस्तुति बहुत ही मनमोहक रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने दीवाली से संबंधित अपनी कविताएं भी सुनाई। राजा राम के राज्याभिषेक की प्रस्तुति ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया।

### शुभकामनाएं दी

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने विद्यार्थियों द्वारा दी गए प्रस्तुतियों की अत्यधिक प्रशंसा की तथा सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि दिवाली केवल दीपों का त्यौहार नहीं बल्कि यह अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और अज्ञानसे ज्ञान की ओर ले जाने का प्रतीक है ।उन्होंने सभी को पर्यावरण अनुकूल तरीके से दिवाली मनाने का भी संदेश दिया।

## सजावट और सांस्कृतिक परिधानों से बिखेरी छटा



**बराड़ा।** रंगोली बनाते स्कूली बच्चे। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में विभिन्न रंग-बिरंगी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्री-नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्री-नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे विद्यालय पहुंचे और अपनी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। तीसरी से पाँचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने दीया सजावट, कक्षा सजावट और पोस्टर बनाने जैसी गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने रंगोली, तोरण सजावट और कक्षा सजावट प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता का परिचय दिया। विद्यालय की प्राचार्या वरिंदर कौर ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और प्रत्येक वर्ग से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किए। उन्होंने बच्चों को दीपावली के महत्व के बारे में बताया और कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं अभिभावकों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज की शुभकामनाएं दीं।

### धोखाधड़ी के मामले में दो गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी प्रगट सिंह व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया व आरोपी प्रकट सिंह का 1 दिन के रिमांड पर लिया है। पंजाब के तरनतारन जिले हरप्रीत सिंह ने 18 जनवरी 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 2 जुलाई 2020 को आरोपी प्रगट सिंह, आरोपी महिला व अन्य ने पिस्तौल दिखाकर डराने, धमकाने पर उससे धोखाधड़ी कर एक बड़ी हड़पने का आपराधिक कार्य किया है।

**आरोपी प्रकट सिंह का 1 दिन के रिमांड पर लिया**

# खंड स्तर पर आयोजित विज्ञान ड्रामा कांटेस्ट में करीब सत्रह विद्यार्थियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग रोड में जिला स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी एवं जिला स्तरीय नॉर्थेर्न इंडिया विज्ञान ड्रामा कांटेस्ट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के खंड स्तर पर विजेता रहे कुल 17 विद्यार्थियों और विज्ञान ड्रामा कांटेस्ट में खंड स्तर पर विजेता रहे 6 टीमों के कुल 45 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र इस प्रदर्शनी में अनेकों प्रकार के पर्यावरण विज्ञान के मॉडल बना कर लाए।

**पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में आयोजित हुई प्रतियोगिता**



प्रमाण पत्रों के साथ छात्र व शिक्षक।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञानं के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करना एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सभी प्रद्शों का अवलोकन किया और प्रदर्शनी में दर्शाए गये मॉडल से संबंधित बातचीत की और इन का आम जन मानस और पर्यावरण को बचाने मे क्या योगदान हो सकता है, इस बारे वार्तालाप भी किया, जिस से सभी प्रतिभागियों को बहुत प्रोत्साहन मिला। उन्होंने सभी बच्चों एवं उपस्थित स्टाफ सदस्यों से विकसित भारत संकल्प में ईमानदारी से अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की मॉनिटरिंग तथा संपूर्ण देखरेख डीएमएस सुशील अरोड़ा, कार्यकारी डीएसएस विवेक मिश्रा और गणित प्राध्यापक मुकेश मित्तल द्वारा की गई।

### विजेता सम्मानित

इस कार्यक्रम की सफ़लता में विद्यालय की प्रधानाचार्या रीटा देवी व समस्त स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। जिला विज्ञान प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल में पीजी राजकीय कॉलेज से प्रोफेसर डॉ. रोहिणी सिंह, डॉ. सुषमा देवी और डॉ. वंदना तथा जिला विज्ञान ड्रामा कांटेस्ट में निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्या नीलम रानी, रमेश गोयल एवं प्राध्यापिका मंजीत कौर शामिल रहे। कालड़ा ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। सभी विजेताओं, निर्णायक मंडल के सदस्यों एवं कार्यकृम में योगदान करने वाले कर्मियों को प्रशंसापत्र दिए।

## विद्यार्थियों ने ईश स्तुति और नैतिकता पर आधारित मधुर भजन प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल में वैदिक संस्कार पुण्य मास उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय में विजय पर्व, आनंद पर्व और प्रेरणा पर्व जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विजय पर्व के तहत कक्षा छठी और सातवीं के विद्यार्थियों ने आर्य समाज एवं महापुरुषों स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा हंसराज, महात्मा आनंद स्वामी, पंडित लेखराम के जीवन पर आधारित भाषण प्रस्तुत किए। इसके पश्चात 17 अक्तूबर को आनंद पर्व के अंतर्गत कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने ईश स्तुति, आर्य समाज और नैतिकता पर आधारित मधुर भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम श्रृंखला में आगामी 25 अक्तूबर को प्रेरणा पर्व के तहत कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करेंगे जिनमें आर्य समाज के महापुरुषों द्वारा समाज से अंधविश्वास, पाखंड, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और नारी उत्थान जैसे विषयों पर संदेश दिया जाएगा। 27 अक्तूबर को विद्यार्थी आर्य समाज के नियमों एवं उनकी व्याख्या प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत

कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदी विभाग की अध्यापिकाएं कृष्णा देवी, डॉ. ऋषि, सविता सैनी, पुष्पा चौहान, सुनीता शर्मा और उषा शर्मा का विशेष सहयोग रहा। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां आत्मविश्वास और ज्ञान से परिपूर्ण रहीं। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने बताया कि विद्यालय में प्रतिवर्ष वैदिक संस्कार सप्ताह मनाया जाता है, ताकि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि "महापुरुषों के आदर्श जीवन और हमारी प्राचीन परंपराएं बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। एक स्वस्थ मस्तिष्क ही एक स्वस्थ समाज की नींव रखता है।

## झुग्गी बस्ती के लोगों को बांटी मिठाई व कपड़े

# श्रीराम के आदर्श चरित्र और मर्यादाओं पर दिया वक्तव्य

**डीएवी स्कूल में तक चल रहा वैदिक संस्कार पुण्य मास श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कारों की गूंज से सराबोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला



झुग्गी बस्ती के लोगों को मिठाई व कपड़े बांटते प्राचार्य व छात्र।

अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल में 29 अक्बर तक चल रहा वैदिक संस्कार पुण्य मास श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कारों की गूंज से सराबोर है। विद्यालय परिसर में प्रतिदिन आर्य भावना, सेवा और समर्पण का पवित्र वातावरण देखने को मिल रहा है। विजय पर्व के अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र और मर्यादाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रेरक कविताएं, वक्तव्य और प्रस्तुतियां दीं। कक्षा दसवीं की यांशिका ने "मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का आदर्श जीवन" विषय पर अपने विचार रखे, जबकि कक्षा सातवीं के विद्यार्थी ने कविता "कोन है राम' सुनाकर वातावरण को भावविभोर कर दिया। कुमारी मुस्कान सिंह और वैभव जिंदल ने स्वामी के प्रेरक जीवन पर दो सशक्त वृतांत प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि स्वामी ने हैदराबाद और भिलाई में आर्य समाज के उत्थान हेतु अद्वितीय कार्य किए। इस पुण्य मास के अंतर्गत विद्यालय परिवार ने 'सह नौ भुनक्तु' की भावना से प्रेरित होकर सेवा कार्यों में सक्रिय भाग लिया।

### संस्कार जागृत करने का माध्यम

विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर कपड़े, फल, मिठाइयां, अनाज, बेकरी उत्पाद एवं आवश्यक वस्तुएं एकत्र कीं जिन्हें विद्यालय की सेवा समिति ने निकटवर्ती झुग्गी-बस्तियों में जाकर वितरित किया, ताकि दीपावली का यह प्रकाश हर घर तक पहुंच सके। प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने कहा वैदिक संस्कार पुण्य मास केवल एक उत्सव नहीं, यह हमारे विद्यार्थियों के अंतर्मन में छिपी संवेदनशीलता, सेवा और संस्कारों को जागृत करने का माध्यम है। जब बच्चे श्रीराम और महात्मा आनंद स्वामी के जीवन से प्रेरणा लेते हैं। तभी शिक्षा का सच्चा अर्थ साकार होता है। सूरी ने आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया और साथ ही डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान पूनम सूरी के प्रति भी गहन कृतज्ञता प्रकट की।

# फोटोग्राफी प्रतियोगिता में आदित्य रहा अव्वल, पलक को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में मास कम्यूनिकेशन विभाग के तरफ से फोटोग्राफी व कैप्शन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों द्वारा खींची गई फोटो की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने किया। उन्होंने इस शानदार आयोजन के लिए मास कम्यूनिकेशन विभाग के स्टाफ व छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विभाग ऐसे रचनात्मक कार्यों में हमेशा आगे रहता है। इस मौके पर आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में चार थीम पर फोटो आमंत्रित की गई थी। डॉ. शगुन आहूजा, डॉ. पूनम राजौरा व डॉ. रणदीप सिंह के निर्णायक मंडल ने विजेताओं का चयन किया। फोटोग्राफी में बीएएमसी फाइनल के आदित्य पहले पलक दूसरे व रुपिंदर तीसरे स्थान पर रहे रहे। जसप्रीत कौर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

**जसप्रीत कौर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।**



**अंबाला।** प्रदर्शनी का उद्घाटन करते प्रिंसिपल। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर डॉ. अतुल यादव, डॉ. राजेश धनखड़, डॉ. रजनी सैनी, डॉ. बलजिंदर कौर, प्रो. राकेश शर्मा, डॉ. तंजुम कंबोज, प्रो. हितेश भारद्वाज व डॉ. संदीप सैनी भी मौजूद रहे।*